दिनांकः 01.06.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से एशियन डवलपमेंट बैंक के प्रेसीडेंट मसातो कांडा ने नई दिल्ली में मुलाकात की–एडीबी भारत में 86 हज़ार करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा–सरकार देशभर में फोरेंसिक क्षमताओं को मज़बूत करने का प्रयास कर रही है।

- राज्य में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए हर ज़िले में पशु मेले लगाए जाएंगे। पहले चरण में दस ज़िलों में पशु मेले आयोजित होंगे।

- राज्य में कल से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार–कई ज़िलों में आंधी–बारिश की संभावना।

000

एशियन डवलपमेंट बैंक–एडीबी ने भारत में 86 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस राशि का उपयोग अगले पांच सालों में शहरी आधारभूत सुविधाओं का विकास करने में किया जाएगा। इसमें जलापूर्ति, स्वच्छता, आवास और मैट्रो रेल विस्तार क्षेत्र शामिल हैं। एडीबी के प्रसीडेंट मसातो कांडा ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एडीबी अध्यक्ष की पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। पिछले दशक में भारत में हुए बदलाव ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है और विकास यात्रा में गति लाने का काम किया जा रहा है। वहीं श्री कांडा ने अपनी पोस्ट में लिखा कि विकसित भारत 2047 का विजन महत्वकांक्षी है। एडीबी इस लक्ष्य का समर्थन करता है। उन्होंने लिखा कि भारत एडीबी का मजबूत साझेदार है और एडीबी भारत के समावेशी विकास में सहयोग करेगा।

000

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली में फोरेंसिक साक्ष्य–आधारित दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रही है। श्री शाह आज कोलकाता में नए केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। गृहमंत्री ने कहा कि सरकार देश भर में फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। निष्पक्ष और सटीक फैसलों के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य की अनिवार्यता को देखते हुए ये जरूरी है।

--------------

000

तेल कंपनियों ने आज से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में 24 रुपये की कटौती की है। वहीं घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत यथावत रखी गई है। इसी साल अप्रैल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के मूल्य में 41 रुपये की कटौती की गई थी।

000

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आज कोटा में आयोजित "युवा कृषक संवाद" में हिस्सा लिया। इस दौरान कृषि मंत्री ने संभाग के चारों जिलों से आए किसानों के साथ बातचीत की। साथ ही अधिकारियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। कार्यक्रम में जयपुर से पहुंचे कृषि विशेषज्ञों के दल ने किसानों को एआई आधारित कृत्रिम वर्षा तकनीक के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों और अन्य लाभार्थियों को सब्सिडी चेक दिये गये।

000

21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का काउंट डाउन शुरू हो गया है। इसे देखते हुए आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला शुरू की गई है। इसके माध्यम से

श्रोताओं से योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसी कड़ी में आज सुनिये जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के योगाचार्य डॉ. पुनीत चतुर्वेदी का संदेश।

-------------

000

राज्य में पशुपालन को बढावा देने के लिए हर जिले में पशु मेले लगाए जाएंगे। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि पहले चरण में दस जिलों में पशु मेले आयोजित होंगे। और ब्यौरा दे रही हैं समाचार कक्ष से हमारी प्रतिनिधि डॉ. सालेहा ग़ाज़ी।

-------------

कला संस्कृति और पशुपालन की दृष्टि से पशु मेलों का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके माध्यम से लाखों पशुपालक लाभान्वित होते हैं और देशी–विदेशी सैलानी भी ग्रामीण संस्कृति से रूबरू होते हैं। राज्य सरकार ने पशुपालकों की सुविधा के हिसाब से जिला स्तर पर भी पशु मेलों के आयोजन का निर्णय लिया है। इस साल सितम्बर से अगले साल मार्च महीने के दौरान दस जिलों में ये पशु मेले लगाए जाएंगे। ये मेले झुंझुनूं, राजसमंद, जयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, जालौर, पाली, उदयपुर और सिरोही जिले में आयोजित किये जाएंगे।

000

सरिस्का अभयारण्य में बाघिन–एसटी–19 ने चार शावकों को जन्म दिया है। बरेली बाड़ी स्थित बफर ज़ोन में मिली इस उपलब्धि के साथ ही सरिस्का में बाघों की कुल संख्या बढ़कर अब 49 हो गई है। यह पहला मौका है, जब बफर ज़ोन में एक ही समय में चार शावकों का जन्म हुआ है।

वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक संग्राम सिंह ने बताया कि कैमरा ट्रैप में बाघिन और उसके शावकों की तस्वीरें रिकॉर्ड हुई हैं और सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होंने आमजन से शावकों की सुरक्षा को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने की अपील की है। उधर, वनमंत्री संजय शर्मा ने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बताया कि एसटी–19 सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन है, जिसने एक साथ चार शावकों को जन्म दिया है।

000

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में उत्तर–पश्चिम रेलवे की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 22 मई से शुरू हुए इस पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में जोधपुर में आज प्लास्टिक क्लीनअप ड्राइव हुआ और कपड़े के थैले बांटे गए। वहीं अजमेर में रैली निकालकर प्लास्टिक मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण संदेश दिया गया। और ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता –

-------------

प्रदेश में ई–वेस्ट डिस्पोज़ल के संबंध में जागरुकता लाने के लिए ई–वेस्ट कलेक्शन ड्राइव शुरू किया जाएगा। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ये अभियान सभी संभाग मुख्यालयों और अलवर तथा भिवाड़ी औद्योगिक शहरों में संचालित करेगा। अभियान में औद्योगिक ईकाइयों से ''डोर स्टैप'' आधार पर ई–वेस्ट कलेक्शन किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न आवासीय तथा संस्थानों के पास भी ई–वेस्ट कलेक्शन सेंटर बनाए जाएंगे।

000

राज्य में कल से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं। इससे कई जिलों में आंधी–बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं आज अजमेर, अलवर, दौसा, जयपुर, चूरू, झुंझुनूं और श्रीगंगानगर सहित 14 जिलों में आंधी–बारिश की गतिविधियों का येलो अलर्ट है। इसके साथ ही अलवर, भरतपुर और हनुमानगढ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल से शुरू होने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ का असर पांच जून तक रह सकता है।

-------------

प्रदेश में आज भीलवाडा, झालावाड़ और पाली सहित कई स्थानों पर तेज गर्मी और उमस का असर रहा।

000

आज अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस है। ये दिन बच्चों के अधिकारों और कल्याण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सुरक्षित बचपन ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। अपने सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने सभी से बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने,

उन्हें समुचित स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छी शिक्षा और सुरक्षित वातावरण देने की अपील की है। उन्होंने प्रदेशवासियों, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के हर वर्ग से बाल संरक्षण के इस संकल्प में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

इस बीच, 12 जून को मनाए जाने वाले विश्व बालश्रम निषेध दिवस के उपलक्ष में कल जयपुर में संवाद कार्यक्रम रखा गया है। ये कार्यक्रम इन्दिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान में होगा। बाल अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने बताया कि इसमें प्रतिभागियों को बाल और किशोर श्रम संशोधित नियमों की जानकारी दी जाएगी।

000

आज विश्व दुग्ध दिवस है। यह दिन आजीविका के प्रमुख स्रोत के रूप में दूध के महत्व को बताने के लिए मनाया जाता है। दुनिया में हर साल दो प्रतिशत की दर से दूध उत्पादन में बढोतरी हो रही है। वहीं भारत में इसकी वृद्धि दर पांच दशमलव सात प्रतिशत है। वर्तमान में दुनिया का एक–चौथाई दूध उत्पादन भारत में हो रहा है।

000

केन्द्र सरकार ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में आज से विभिन्न प्रतियोगिताएं शुरू की हैं। युवा प्रतिभाओं के लिए पहली प्रतियोगिता का विषय है – **'ऑपरेशन सिंदूर – आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित करना'।** वहीं सोशल मीडिया इन्फ्यूएंसर्स को भी स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारक और स्थल की सैर का वीडियो बनाने के लिए आमंत्रित किया है। साथ ही **नया भारत सशक्त भारत** थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है।

सभी प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली में लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के इच्छुक प्रतिभागी 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

000